卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 187 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦ 17 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

**महानवमी**




**नवरात्र के नवें दिन मां भगवती के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा की जाती है। ये सुख समृद्धि की प्रतीक मानी जाती है। इस दिन कन्या पूजन के साथ ही नवरात्र के व्रतों का पारायण होता है।**

# रामलला का हुआ 'सूर्य तिलक'

नई दिल्ली (उद संवाददाता)। देशभर में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद रामलला की ये पहली रामनवमी है। इस दौरान रामलला की विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंत्रोच्चराण के साथ रामलला का सूर्याभिषेक हुआ। इस मौके पर राम मंदिर का विशेष श्रृंगार किया गया। रामनवमी के मौके पर राम मंदिर के कपाट भक्तों के लिए सुबह 3।30 बजे खोल दिए थे। रात 11 बजे तक भक्त रामलला के दर्शन कर सकेंगे। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लग गई। दोपहर 12.16 बजे रामलला का सूर्यतिलक हुआ। राम मंदिर में आज अद्भुत नजारा देखने को मिला आस्था और विज्ञान के संगम से रामलला



का सूर्याभिषेक किया गया। इस दौरान रामलला का ललाट सूर्य की किरणों से जगमग हो उठा। 500 साल के इतिहास में पहली बार श्रीराम का सूर्याभिषेक हुआ है। आज के विशेष मौके के लिए रामलला की विशेष परिधान डिजाइन की गई है, जो पीले पीतांबर रंग की है। इसमें खादी और हैंडलूम का इस्तेमाल किया गया है। इस परिधान को तैयार करने में वैष्णो संप्रदाय के प्रतीकों का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही गोल्ड और सिल्वर धागों का इस्तेमाल हुआ है।

## रूड़की के वैज्ञानिकों ने तैयार किया सूर्य तिलक मैकेनिज्म

ट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीबीआरआई) रुड़की के वैज्ञानिकों की एक टीम ने सूर्य तिलक मैकेनिज्म को तैयार किया है। इसके डिजाइन को तैयार करने में टीम को पूरे दो साल लग गए थे। 2021 में राम मंदिर के डिजाइन पर काम शुरू हुआ था। सीबीआरआई के वैज्ञानिकों की एक टीम ने सूर्य तिलक मैकेनिज्म को इस तरह से डिजाइन किया है कि हर साल राम नवमी के दिन दोपहर 12 बजे करीब चार मिनट तक सूर्य की किरणें भगवान राम की प्रतिमा के माथे पर पड़ें। इस निर्माण कार्य में सीबीआरआई के साथ सूर्य के पथ को लेकर तकनीकी मदद बेंगलूरु के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स (आईआईए) की भी ली गई है। बेंगलूरु की एक कंपनी ऑप्टिका ने लेंस और ब्रास ट्यूब का निर्माण किया है। प्रोजेक्ट सूर्य तिलक में एक गियर बॉक्स, रिफ्लेक्टिव मिरर और लेंस की व्यवस्था इस तरह की गई है कि मंदिर के शिखर के पास तीसरी मंजिल से सूर्य की किरणों को गर्भगृह तक लाया गया। इसमें सूर्य (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपाईयों ने रोड शो निकालकर दिखाई ताकत

गदरपुर(उद संवाददाता)। मुख्य बाजार में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में सैकड़ो कार्य कर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में जोरदार रोड शो कर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने भाजपा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि क्षेत्र में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट द्वारा किए गए जनकल्याण कार्यों एवं मोदी और धामी सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों के चलते जनता का विश्वास भारतीय जनता पार्टी पर



बना हुआ है और अजय भट्ट का समर्थन जिस प्रकार जनता कर रही है उससे लगता है कि अजय भट्ट रिकार्ड मतों से पुनः सांसद बनकर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, अभिषेक , अनिल जेटली कपिल कुमार ,रॉबिन फुटेला ,मनोज कुमार मिंटू ,आकाश कोचर ,शिवम खुराना, ज्योति अरोड़ा ,रेनू , बकुल अरोरा ,मुनि भुसरी ,हरलोक सिंह नामधारी ,प्रियांशु गुप्ता, मनीष सेतिया, कुणाल रस्तोगी ,मिंटू रस्तोगी ,सुनील शर्मा ,मनोज शर्मा ,सुमन मुंजाल प्रभजोत खेड़ा ,हैप्पी चंद्र, सोनू विश्वास सहित सैकड़ो संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

## नवरात्रि की नवमी पर सीएम धामी ने किया कन्या पूजन

देहरादून (उद संवाददाता)।चैत्र नवरात्रि के नवें दिन एवं राम नवमी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शासकीय आवास पर देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन किया। उन्होंने जगतजननी माभगवती से लोक कल्याण एवं राज्य की उन्नति के लिए प्रार्थना की। प्रदेशभर में आज नवमी का पर्व धूमध ाम से मनाया जा रहा है। लोगों ने नवमी पर अपने-अपने घरों में कन्या पूजन कर नवरात्रि के ब्रतों का पारायण किया। वहीं, मंदिरों में सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी अपने आवास में पत्नी के साथ कन्या पूजन किया।भोजन कराने के बाद उन्होंने



कन्याओं के साथ थोड़ा समय भी व्यतीत किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्नी गीता धामी और बच्चों के साथ नवमी के पावन अवसर पर भगवती मां की उपासना करते हुए हवन किया। मुख्यमंत्री धामी ने पत्नी गीता और बच्चों के साथ विधि-विधान से कन्या-पूजन किया और विश्व कल्याण एवं शांति के लिए 'सर्वे भवंतु सुखिनः' की भावना से नौ दुर्गा की प्रतीक नौ कन्याओं के पैर धोए। धामी ने कन्याओं का पूजन करने के साथ ही उन्हें प्रसाद भी खिलाया।

## कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में निकाला रोड शो

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याक्षी प्रकाश जोशी के समर्थन में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर में रोड़ शो निकाला जो गल्ला मंडी से प्रारम्भ होकर बाटा चौक पर समाप्त हुआ। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता सभी मतदाताओं से





19 अप्रैल को होने वाले चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे थे। तेज धूप होने के बावजूद भी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। रोड़ शो गल्ला मंडी से प्रारम्भ होकर भगत सिंह चौक, मुख्य बाजार होते हुए बाटा चौक पहुंचा। इस दौरान में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, सौरभ चिलाना, मीना शर्मा , सीपी शर्मा, नित्यानंद मंडल, किशन शर्मा, मोनिका ढ़ाली, संजीव रस्तोगी, राम प्रसाद, नन्द किशोर गंगवार, रंजीत राणा, सपना गिल, उमा सरकार, प्रीती साना, मोहन खेड़ा, संदीप चीमा, परवेज कुरैशी, मोहन भारद्वाज, अबरार, सुमित राय, ममता रानी, योगेश चौहान, ज्योति टम्टा, विकास विश्वास, निशांत शाही, अनिल शर्मा, देव कोली, रविन्द्र गुप्ता, सुमित कोली, बेबी सिकदार, मनीष बाबरा, कविता यादव,यमुना सरकार, आरती मौर्या, मंजू, संगीता, चांद मियां, कंचन, उमाशंकर, जगदीश दास,जय तरफदार, दीपांकर, कपिल सिन्हा, (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में लापता युवक का शव पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी निवासी 32 वर्षीय सुशील कुमार पुत्र तपन 5 अप्रैल से लापता था। परिजन तब से उसकी तलाश कर रहे थे। मंगलवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि संजय वन के पीछे नहर किनारे एक पेड़ पर युवक का शव लटका है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया। मृतक की शिनाख्त सुशील कुमार के रूप में की गयी। शव मिलने से परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक के तीन बच्चे हैं। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

## ठगी करने पर तांत्रिक को किया पुलिस के हवाले

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।परिवार में आपसी कलह समाप्त करने के लिए तांत्रिक की मदद लेने के बाद भी कोई लाभ नहीं होने पर परिवार ने तांत्रिक की मदद बंद कर दी तो तांत्रिक रुपए के लिए परिवार को धमकाने लगा। जिस पर परिजनों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार मलखान नाम का व्यक्ति अपने परिवार के साथ रहता है। अक्सर परिवार कलह की स्थिति होने पर दंपत्ति ने सुभाष कॉलोनी के एक तांत्रिक से संपर्क किया। आरोप है कि तांत्रिक ने 11 हजार रुपये में सौदा किया और छह हजार रूपये एडवांस लिए और कई बार तंत्र-मंत्र की सामग्री दी। जब कोई लाभ नहीं मिला, तो पीड़ित परिवार ने तांत्रिक के यहां जाना बंद कर दिया। जिस पर आरोपी पीड़ित के घर पहुंचा और पैसों की मांग करने लगा। जब परिवार ने इंकार कर दिया,तो तंत्र-मंत्र के जरिए डराने व धमकाने लगा। जिसे देखकर पडोसी इकठ्ठा हो गए आरोपी को पकड़ कर आवास विकास पुलिस के हवाले कर दिया। उधर,चौकी प्रभारी अरविंद बहुगुणा ने बताया कि प्रकरण की कोई तहरीर नहीं आई है। बावजूद इसके पुलिस आरोपी से पूछताछ कर जांच कर रही है।

## चोरी के जेवर और नगदी समेत बंटी बबली गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस ने एक शातिर दंपत्ति को चोरी के जेवर व हजारों की नगदी सहित गिरफ्तार किया है। उनके इस कार्य में उनकी मां भी पूरा सहयोग करती है। मामले का खुलासा करते हुए सी ओ नितिन लोहनी ने बताया कि






गिरफ्तार दिल्ली की बंटी-बबली की जोड़ी होंडा सिटी कार से आकर हल्द्वानी में चोरी की घटना को अंजाम देते थे। भीड-भाड़ का फायदा उठाकर कपड़े बदलकर, रहते थे। उन्होंने बताया कि इन्द्रा निवासी चॉदनी चौक बल्यूटिया, आनन्दपुर द्वारा कोतवाली में तहरीर दी कि कालूसिद्व मन्दिर के सामने वाली रोड में कपड़े के ठेले के पास अज्ञात द्वारा उसके पर्स से एक जोडी सोने के झुमके, एक चॉदी की पायल व सात हजार नगद चोरी कर लिया गया है।कोतवाल उमेश मलिक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा आस-पास पूछताछ, सीसीटीवी खॅगालने के पश्चात महिला के पर्स से सामान चोरी करने में संलिप्त पति-पत्नी को टॉडा जंगल के पास पुनः घटना कारित करने आते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से चोरी किये गये आभूषण एवं नगदी बरामद कीगयी। उन्होंने बताया कि मॉ बेटा एवं पत्नी अपनी होन्डा सिटी कार से आकर वाहन को बरेली रोड पर खड़ी कर सास-बहु कालू सिद्व मन्दिर के पास बाजार (शेष पृष्ठ सात पर)

# मतदान के लिए सुरक्षा बलों की हुई ब्रीफिंग

## ईवीएम को लाना व ले जाने में सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा सामान्य मतदान के सफल सम्पादन हेतु पुलिस लाईन में सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार, पुलिस प्रेक्षक शिव कुमार वर्मा, व्यय प्रेक्षक टी शंकर, जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह के उपस्थिति में सुरक्षा बलों की ब्रीफिंग की गयी। पुलिस प्रेक्षक शिव कुमार वर्मा ने सुरक्षा बलों को सम्बोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन अयोग की गाईड लाईन के अनुसार कार्य करते हुए निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण मतदान कराना सुनिश्चित करेंगे।जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह ने सुरक्षा बलों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सब निर्वाचन आयोग के अंग हैं, अनुशासित होकर निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण मतदान कराना हमारा दायित्व है। उन्होने कहा कि सभी सेक्टर जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर जोनल पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए मतदान सम्पन्न करायेंगें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा अति महत्वपूर्ण है । इस लिए ईवीएम को लाना व ले जाने में सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें व ईवीएम को अपने से अलग न करें। उन्होने कहा कि सभी सैक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी क्रिटीकल व वर्नेबल बूथों पर पैनी नजर रखेंगे व पोलिंग बूथों के बाहर अनावश्यक भीड़ का जमावाड़ा कतई न होने देंगे, अपने व्यवहार में विनम्रता रखेंगें इसी के साथ समन्वय बना कर शान्तिपूर्ण मतदान कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होने कहा कि मतदान के दिन बूथ के भीतर मोबाईल पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा, 200 मीटर परिधि के बाहर प्रत्याशियों के बस्ते लगाये जायेंगें। मतदान पार्टियों को अपने बूथ पर ही रात्रि विश्राम कराना सुनिश्चित करेंगें तथा मतदान पार्टियों के बूथ पर पहुंचने व मतदान समाप्ति के उपरान्त मतदान पार्टियों की रवानगी की सूचना कंट्रोंल रूम में देना सुनिश्चित करेंगे। उन्होने कहा कि मतदान दिवस पर मतदाताओं को वाहनों द्वारा परिवहन करना पूर्णतया प्रतिबन्धित होगा, कोई व्यक्ति अपने निजी वाहन से अपने परिवार को मतदान कराने हेतु ले जा सकता है, मगर वाहन बूथ से 200 मीटर दूरी पर ही पार्किंग करना होगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने सुरक्षा जवानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी जोनल/सैक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी व सुरक्षा बल आपस में समन्वय बनाकर निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण मतदान कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होने कहा कि निष्पक्ष होना ही नहीं अपितु निष्पक्ष दिखना भी अनिवार्य हैं। उन्होने कहा कि अनुशासित होकर कार्य करें व अपनी वाणी को संयमित रखें। उन्होने बताया कि जनपद को 3 सुपर जोनों में विभक्त किया गया है, प्रथम जोन में जसपुर, काशीपुर व बाजपुर रखा गया है, द्वितीय जोन गदरपुर, रूद्रपुर व किच्छा एवं तृतीय जोन में सितारगंज, नानकमत्ता व खटीमा रखा गया है। इसी के साथ जनपद में 21 जोन व 119 सैक्टर बनाये गयें है। उन्होने कहा कि सभी जोनल, सैक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी वायरलैस के माध्यम से सूचनाओं का आदान-प्रदान करेंगे, इसी के साथ प्रत्येक विधानसभा में पुलिस वायरलैस टीमें भी लगाई गयी है। उन्होने कहा कि मतदान पार्टियां बिगवाड़ा मण्डी से प्रस्थान करेंगी, सभी सुरक्षा कर्मी अपनी पोलिंग पार्टी के साथ निर्धारित वाहनों में ही जाना सुनिश्चित करेंगे, कोई भी अपने निजी वाहनों का प्रयोग नही करेंगे तथा रूट चार्ट के अनुसार ही वाहन संचरण करेंगे। उन्होने कहा कि सभी जोनल/सैक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी अपने मतदान पार्टियो की रवानगी सुनिश्चित कर बूथ पर पहुंचने की सूचना भी देंगे, साथ ही मतदान दिवस के प्रातः मॉकपॉल मतदान प्रारम्भ होने के साथ ही हर दो घंटे में मतदान की सूचना कंट्रोल रूम को अनिवार्य रूप से देंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/नोडल कार्मिक स्वीप मनीष कुमार, एएसपी चन्द्र शेखर घोड़के, मनोज कत्याल, अभय प्रताप सिंह, एडीएम अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, सीओ निहारिका तोंमर, अनुषा बडोला, एआरटीओ निखिल शर्मा सहित सैक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट, अर्धसैनिक बल, एवं सुरक्षा बलों के जवान मौजूद थे।





# जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया जायजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने मतदान हेतु पोलिंग पार्टियों के प्रस्थान एवं वापसी स्थल बगवाड़ा मंडी में की जा रही व्यवस्थाओं का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होने कहा कि 18 अप्रैल गुरूवार को जनपद की 09 विधानसभाओं में तैनात लगभग 7 हजार मतदान कर्मी बगवाड़ा मंडी से निर्वाचन सामाग्री व ईवीएम लेकर प्रस्थान करेंगी। उन्होने नोडल अधिकारी टैंट, वैरिकेटिंग को निर्देश दिये कि वे विधानसभावार कलर कोटिंग के अनुसार साईनेज लगाये ताकि मतदान कार्मिकों को अपने विधनसभा स्थल में सामाग्री लेने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होने कहा कि कलर कोटिंग के अनुसार ही सामाग्री वितरण कार्मिक भी उसी कलर का टी सर्ट पहने होगें ताकि मतदान कार्मिक अपने काउंटर को आसानी से पहचान सकें। उन्होने कहा कि राधास्वामी सतसंग ब्यास में मतदान पार्टी के वाहनों की पार्किगं होगी तथा राधास्वामी सतसंग ब्यास स्थल से बगवाड़ा मंडी तक 10 सटल सेवा वाहन कार्मिकों को लाने व लेजाने हेतु लगायी जायेगीं। सैक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट के वाहन बगवाड़ा मंडी के गेट नम्बर 01 के भीतर पार्क किये जायेगें। मतदान कार्मिकों को आवाजाही में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिये साईनेज, वैरिकेटिंग के साथ ही पर्याप्त सुरक्षा कर्मी लगाये जायेगें। मतदान पार्टी के 18 अप्रेल प्रस्थान दिवस व 19 अप्रैल को मतदान दिवस को बगवाड़ा मंडी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मय चिकित्सक स्टांल लगाया जायेगा व मतदान कार्मिकों को नास्ता, भोजन की के लिये परेशानी न हो इसके लिये दोनो दिवस 18 व 19 अप्रैल को मतदान कार्मिकों के भोजन व्यवस्था के लिये भुगतान के आधार पर भोजन स्टांल लगाने के निर्देश उप निदेशक मंडी व जिला पूर्ति अधिकारी को दिये।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, नोडल कार्मिक मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, अपर जिलाधिकारी नजूल पंकज उपाध्याय, सीएमओ डॉ0 मनोज शर्मा, एसपी चन्द्रशेखर घोड़के, सीओ निहारिका तोमर, एआरटीओ निखिल सहित नोडल वैरिकेटिंग आदि मौजूद थे।





# बेवकास्टिंग कार्मिकों को मास्टर ट्रेनरों ने दिया प्रशिक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में मंगलवार को बगवाड़ा मंडी परिसर में बेवकास्टिंग कार्मिको को मास्टर ट्रेनरो द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरो ने कहा कि 50 प्रतिशत बूथों में बेवकास्टिंग होनी है इसलिए सभी बेवकास्टिंग कार्मिक, बेवकास्टिंग कैमरा स्थापित करने एवं उसे संचालित करना अच्छी तरह से सीख ले, जो भी शंका अथवा समस्या है तो उसका निराकरण प्रशिक्षण में ही कर लिया जाये ताकि बेवकास्टिंग ड्राइरन व मतदान दिवस पर बेवकास्टिंग के दौरान संचालन में किसी प्रकार की समस्या न आने पाये। उन्होने कहा बेवकास्टिंग कैमरे को ऐसी जगर स्थापित किया जाये जिससे मतदान की पूरी प्रक्रिया दिखे मगर मतदान की गोपनीयता बनी रहे। उन्होने कहा कि मतदान दिवस से एक दिन पूर्व बेवकास्टिंग कैमरे बूथों पर स्थापित कर ड्राईरन किया जायेगा। उन्होने कहा कि बेवकास्टिंग के माध्यम से मतदान दिवस पर मतदान की पूरी प्रक्रिया पर चुनाव आयोग की सीधी नजर होती है इसलिए सभी कार्मिक बेवकास्टिंग संचालन को भलिभांति समझ ले जो भी समस्या या शंका हो उसका सामाधान कर ले।






# सीमाओं पर पैनी नजर रखने के निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निपष्क्ष, शांतिपूर्ण व स्वतंत्र मतदान कराने हेतु सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार, पुलिस प्रेक्षक शिव कुमार वर्मा व व्यय प्रेक्षक टी शंकर ने जिला कार्यालय सभागार में रिटर्निगं ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं पुलिस अधिकारियों के साथ मतदान दिवस की तैयारियों की समीक्षा की। प्रेक्षको ने कहा कि मतदान दिवस के तीन दिन शेष है इसलिए अंतराष्ट्रीय व अन्तर्राज्यीय सीमाओ पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिये साथ ही आयोग के गाईडलाइन के अनुसार सीमाएं सील करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी टीमें सक्रियता से कार्य करे तथा पैनी नजर रखे ताकि किसी भी प्रकार का अवैध मदिरा, सामाग्री आदि से मतदाताओं को प्रलोभन न दिया जा सके व निपष्क्ष मतदान सम्पन्न हो सकें। रिटर्निगं आफिसर उदयराज सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्पिूर्ण, एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराने तथा जनपद में शांति व्यवस्था रखने के लिये धारा 144 लगा दी गयी है। उन्होने कहा कि निर्वाचन के सफल संचालन हेतु तैनात माईक्रोआब्जर्वर को मतदान के 72 घंटे पहले अपने-अपने क्षेत्रों में तैनात रहने व एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी एवं वीडियो निगरानी टीमो को हर एक गतिविधियों की गहनता से निगरानी करने तथा बैंकट हॉलो, बारो आदि स्थानों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिये गये है साथ ही शादी व मेलो में भी पैनी नजर रखने के निर्देश दिये गये है। उन्होने कहा कि जनपद के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के 48 घंटे पूर्व सीआरपीसी की धारा 144 लागू रहेगी तथा जनसभाओं का आयोजन भी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होने बताया कि सभी मतदान कार्मिको को प्रशिक्षण दे दिया गया है तथा मतदान हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। 18 अप्रैल गुरूवार को सभी मतदान पार्टिया मतदान कराने हेतु प्रस्थान करेगीं। वीसी के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना ने बताया कि मतदान की पुरी तैयारी कर ली गयी है तथा जनपद की सभी सीमाओ पर पैनी नजर रखी जा रही है। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, वीसी प्राधिकरण अभिषेक रूहेला, नोडल कार्मिक मनीष कुमार, नोडल पुलिस चन्द्रशेखर घोड़के, एसपी मनोज कल्याल, पुलिस उपाधीक्षक निहारिका तोमर, जिला आबकारी अधिकारी अशोक मिश्रा सहित वीसी के माध्यम से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल पीएस मीणा आदि मौजूद थे।




# राज्यपाल ने किया कन्या पूजन

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को सपरिवार चैत्र नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी के अवसर पर राजभवन में पूरे विधि-विधान से देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन किया। उन्होंने कहा कि चौत्र नवरात्रि का पर्व केवल व्रत और उपवास का नहीं, बल्कि नारी शक्ति और कन्याओं के सम्मान का भी पर्व है। राज्यपाल ने इस अवसर पर प्रदेश वासियों के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य के लिए कामना की।



# मंदिरों में धूमधाम से मनाई गयी राम नवमी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा के संरक्षण में संचालित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर व श्री हरि मंदिर में आज राम नवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों को रोशनी व फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। वहीं मंदिरों में नवरात्र की पूजा करने वाले भक्तों की भी काफी भीड़ लगी रही। आज राम नवमी के दिन मंदिर में श्री राम जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौकें पर भगवान श्री राम का अभिषेक, पूजन, आरती तथा प्रसाद वितरण किया गया। भक्तों ने श्री राम की पूजा अर्चना की। इस मौके पर सतातन सभा के सरपरस्त नन्दलाल भुड्डी, प्रधान महेश बब्बर, उप प्रधान तिलक राज घई, विजय जग्गा, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, रमेश मिड्ढ़ा, अमित अरोरा, विजय विरमानी, सुरेश राजदेव, राकेश राजदेव, कर्मचन्द राजदेव, राकेश सुखीजा, पुरूषोत्तम अरोरा, महिला मंडली की अध्यक्षा शशि अरोरा, आकांक्षा अनेजा, राज तागरा, ललिता कक्कड़, सुदेश धींगरा, श्री सनातन धर्म सभा के समस्त पदाधिकारी, सदस्य, महावीर दल के सदस्य, श्री युवा मंच के पदाधिकारी तथा सदस्य के साथ ही भारी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।





क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, शुक्राणुओं की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी। डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।

# नेपाल सीमा को सील करने के निर्देश

## मतदान से 48 घंटे पूर्व धारा 144 लागू, शराब की दुकानें बंद रहेंगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने मंडी सचिव कार्यालय में बैठक लेते हुये भारत निर्वाचन आयोग के एसओपी के अनुसार मंगलवार सांय 6 बजे से 19 अप्रैल को मतदान प्रक्रिया समाप्त होने तक जनपद सीमा से लगी अन्तराष्ट्रीय



नेपाल राष्ट्र की सीमा को सील करने के निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्पिूर्ण, एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराने तथा जनपद में शांति व्यवस्था रखने के लिये धारा 144 लगा दी गयी है। उन्होने निर्देश दिये कि निर्वाचन के सफल संचालन हेतु तैनात किये गये माईक्रोआब्जर्वर मतदान के 72 घंटे पहले अपने-अपने क्षेत्रों में तैनात रहेगें व एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी एवं वीडियो निगरानी टीमे हर एक गतिविधियों की गहनता से निगरानी करेगें तथा बैंकट हॉलो, बार आदि स्थानों पर पैनी नजर रखेगें। उन्होने कहा कि निर्वाचन के मद्देनजर 17 की सांय 6 बजे से 19 अप्रैल तक जनपद में सभी मदिरा की दुकाने, बार पूर्णतः बन्द रहेगें। उन्होने कहा कि जनपद के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के 48 घंटे पूर्व सीआरपीसी की धारा 144 लागू रहेगी तथा जनसभाओं का आयोजन भी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान पार्टियों को समय से अपने गन्तव्य को प्रस्थान कराना व समय से बूथ पर पहुचाना सभी सैक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट का दायित्व होगा। उन्होने नोडल एमसीसी को निर्देश दिये कि वे मतदान के 48 घंटे पूर्व सभी शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करेगें। उन्होने सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र में तैनात माईक्रोआब्जर्वर, कैमरामैन, वेबकास्टिंग टीम से अनिवार्य रूप से सम्पर्क करना सुनिश्चित करेगें तथा सभी को हर स्तर पर अपेक्षित सहयोग प्रदान करेगें। उन्होने कहा कि मतदान दिवस से 48 घंटे पूर्व 17 अप्रैल को सांय 06 बजे से 19 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक जनपद में स्थित समस्त मदिरा की दुकाने बन्द रहेंगी। उन्होने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि मतदान के 72 घंटे पूर्व मदिरा की दुकानों पर विशेष निगरानी रखी जाये तथा एफएल-2 से निकासी व एफएल-5 की बिक्री पर भी विशेष नजर रखी जाये। उन्होने बार्डर एरिया पर मुस्तैदी से सतत निगरानी रखने के निर्देश दिये। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, नोडल कार्मिक मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, अपर जिलाधिकारी नजूल पंकज उपाध्याय, सीएमओ डॉ0 मनोज शर्मा, एसपी चन्द्रशेखर घोड़के, सीओ निहारिका तोमर, एआरटीओ निखिल, आईटीवीपी के अनिल कुमार आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस प्रत्याशी के लिए घर घर जाकर मांगे वोट

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने संजय नगर खेड़ा में धुआंधार प्रचार किया। उन्होंने एक-एक घर जाकर कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के लिए वोट मांगे,और कहा कि प्रकाश जोशी के सांसद बनने के पश्चात क्षेत्र का



सर्वांगीण विकास होगा । इससे पूर्व सभी कांग्रेस कार्यकर्ता दुर्गा मंदिर प्रांगण में एकत्र हुए, जहां से उन्होंने ढोल नगाड़ों के साथ संजय नगर में डोर टू डोर जनसंपर्क किया । इस अवसर पर श्रीमती शर्मा सहित एआईसीसी के पूर्व सेक्रेटरी और विभिन्न राज्यों के ऑब्जर्वर रहे श्री कृष्ण शर्मा, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, निवर्तमान पार्षद प्रीति साना,आनंद शर्मा, पूर्व पार्षद विकास मलिक, रणजीत तिवारी, ममता शर्मा, भूपति रंजन,आसित बाला, अरुण दास, बलाई मंडल, मलाई मंडल, वीरू मंडल, उत्तम चौधरी, तपन,सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डीआईजी योगेंद्र सिंह ने चुनाव की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पुलिस उपमहानिरीक्षक कुमायूं परिक्षेत्र नैनीताल डॉ.योगेन्द्र सिंह रावत द्वारा जनपद भृमण पर पहुंचकर पुलिसअधीक्षक कार्यालय सहित डिग्री कॉलेज में बने स्ट्रांग रुम का





निरीक्षण किया गया। जिला मुख्यालय की सीमा पर पहुँचते ही पुलिस की टुकड़ी द्वारा उन्हें ब्रीफ किया गया। जिसके बाद डीआईजी के जिला मुख्यालय पहुंचने पर एसपी कार्यालय में उन्हें सुसज्जित पुलिस गार्द की सलामी दी गई। इसके बाद लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के लिए पुलिस कार्यालय बागेश्वर में पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोण्डे, व पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी की उपस्थिति में समस्त थाना/चौकी/शाखा प्रभारियों के साथ बैठक कर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए। डीआईजी डॉ योगेंद्र सिंह रावत द्वारा आचार संहिता लागू होने से अब तक जनपद पुलिस द्वारा की गयी सभी निरोधात्मक कार्यवाहियों के बारे में जानकारी एवं चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने, आचार संहिता का पूर्ण रुप से पालन करने/कराये जाने,जिले की सीमाओं कौसानी, कंधार, झिरौली, काण्डा, अमसरकोट, बालीघाट में प्रभावी सघन चौकिंग अभियान चलाते हुए अधिक से अधिक निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने,एसएसटी/ एफएसटी,टीमों द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाने,निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में संचार व्यवस्था दुरस्त /प्रभावी रखने हेतु आरआई रेडियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिसके बाद डीआईजी डॉ रावत ने डिग्री कॉलेज बागेश्वर में स्ट्रांग रुम का निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया साथ ही आदर्श आचार संहिता का पालन कराने व चुनाव को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु सम्बंधितों को दिशा निर्देश दिए।

# पोलिंग बूथों पर दिव्यांगों और व्योवृद्ध लोगों को मतदान कराने के लिए मिलेगी व्हील चेयर व्यवस्था

बागेश्वर(उद संवाददाता)।जनपद में दिव्यांग व 85 साल से अधिक उम्र के वृद्धों के मतदान सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग की घर-घर जाकर मतदान प्रक्रिया समाप्त हो गई है। पोलिंग बूथ पर वोट करने के इच्छुक दिव्यांग व परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने नोडल अधिकारी दिव्यांग को विभिन्न बैंकों से प्राप्त सीएसआर मद से प्राप्त व्हील चेयर सौंपी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 2600 सौ व बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या 2038 हैं। भारत चुनाव आयोग द्वारा दी गई होम वोटिंग की सुविधा के तहत चलने फिरने में असमर्थ 910 दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग



बुजुर्ग मतदाताओं के मतदान के लिए आयोग के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। जिसके तहत जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने सोमवार को बैंकों के सीएसआर मद से प्राप्त 19 व्हील चेयर नोडल अधिकारी दिव्यांग को सौंपे।विकास भवन व बुजुर्ग मतदाता जिन्हें पोलिंग बूथ पर व्हीलचेयर की आवश्यकता प्रतीत होती है उन्हें व्हीलचेयर के माध्यम से सुरक्षित मतदान कराएं। उन्होंने नोडल अधिकारी को दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं जाने तथा स्वंयसेवीयों की भी मदद लेने के निर्देश दिए। मालूम हो कि जनपद में दिव्यांग पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर से कर लिया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, लीड बैक अधिकारी शंकर सिंह दुग्ताल, नोडल अधिकरी दिव्यांग मतदाता हेम तिवारी सहित अन्य बैकों के प्रबंधक और नोडल अधिकारी मीडिया/जिला सूचना अधिकारी, सुरेश कुमार आदि मौजूद थे।




# अखंड हरिनाम संकीर्तन में उमड़े सैकड़ों श्रद्धालु





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री श्री राधा गोविंद मंदिर आई ब्लॉक जी ट्रांजिट कैंप में सार्वजनिक श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन समिति द्वारा आयोजित सार्वजनिक श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन एवं विशाल भंडारा के चौथे दिन जहां आमंत्रित कीर्तन मंडलियों अनिमा संप्रदाय ( वारासात, कोलकाता), भाई बुन बाउल संप्रदाय (छत्तीसगढ़), राधा गोविन्दो संप्रदाय (महाराष्ट्र), लक्ष्मी नारायण संप्रदाय (न्यूरिया, उप्र), राधे राधे संप्रदाय( मियांपुर, उप्र) व राधा कृष्ण संप्रदाय (दिनेशपुर) द्वारा किए जा रहे हैं । वहीं नगर तथा आस पास क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु आयोजन स्थल पर पहुंचकर हरिनाम संकीर्तन का श्रवण कर आर्शीवाद प्राप्त कर रहे हैं। धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। आयोजन समिति अध्यक्ष परिमल राय ने बताया कि संकीर्तन मंडलियों द्वारा कल 18 अप्रैल दिन बृहस्पतिवार को प्रात: 6 बजे तक निरंतर क्रमवार महानाम संकीर्तन किया जायेगा। जिसके पश्चात तुलसी परिक्रमा की जाएगी। आज भी प्रात: से ही मंदिर में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। जो हरि नाम कीर्तन सुनकर भक्ति में पूरी तरह से मग्न हो गए। इस दौरान आयोजन समिति सार्वजनिक श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन समिति के अध्यक्ष परिमल राय, उपाध्यक्ष सुबीर दास, शकर विश्वास, सचिव कृष्ण पद विश्वास, पिंटू राय, उप सचिव विजय साना, कोषाध्यक्ष केना मंडल, उप कोषाध्यक्ष विश्वजीत मंडल, संगरक्षक दिलीप अधिकारी, उत्तम दत्ता, तरुण दत्ता, चंद्र शेखर गांगुली, अजीत शाह, राजकुमार शाह, प्रभास स्वर्णकार, जपन राय चौधरी, सुमित राय, मोहन उपाध्याय, धीमान विश्वास, निर्मल मंडल, संजय राय, सुशांत मंडल, असीम मंडल, नरेश सरकार, केरू मण्डल, गौतम सिकदार, शुभम दास, बाबू सिकदार, ब्रजेन मिस्त्री, अमल राय, आलोक राय, मंगल मंडल, धीरज दास, पिन्टू गांगुली, अमलेन्दु ढाली, लोकन बाछाड़, दीपक राय, वासुदेव राय, मंगल सरदार, परिमल सरकार, रामपद विश्वास, अशोक घोष, सुरेश कुमार, सहदेव मिस्त्री, चित्तरंजन मजुमदार, बाधा चौधरी, बप्पा चौधरी, कांति विश्वास, सुकुमार मिस्त्री, उत्तम बाला, अनिमेष, बाबू मिस्त्री, शिशिर मंडल, रानी बाला, कार्तिक सरकार, डा. परिमल सरकार, विमल सरकार, महिपाल, विप्लव हालदार, ठाकुर कोली मंडल, गोपाल दास, सुखदेव, मोहन कुमार, महेश राय, रोहित कुमार, रजत विश्वास, प्रथ्विराज, प्रणय रायआई चौधरी, बॉबी दास, विक्की सरकार, असीम सरकार, माधव दत्ता, शुभंकर राय, मनोज राय, मोहन कुमार, सुख विश्वास, शिवा ढाली, कार्तिक सरकार, रानी बाला, नमिता राय, अनीता देवी, सुशीला देवी, अंजना, मौती बाला आदि मौजूद थे।







# कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए नेताओं ने भट्ट के लिए मांगे वोट





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए जनप्रतिनिधियों ने वार्ड एक शिमला बहादुर में घर-घर जाकर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। वार्ड एक शिमला बहादुर से निवर्तमान पार्षद सुरेश गोरी के नेतृत्व में गत दिवस भाजपा में शामिल हुए पूर्व कांग्रेसियों और उनके समर्थकों ने घर घर पहुंच मतदाताओं से संपर्क साधा और भाजपा के पक्ष में भारी मतदान करने की अपील की। इस दौरान श्री गौरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश में कराए गए विकास कार्यों एवं उपलब्धियां को बताते हुए भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को विजयी बनाने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान श्री गौरी ने कहा किमोदी सरकार ने दस साल के कार्यकाल में कई ऐतिहासिक फैसले लेकर देश को नई ताकत के रूप में आगे ले लाने का काम किया है। गौरी ने कहा कि यह चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है। आम चुनाव देश की दिशा तय करता है। आज भारत की ताकत का लोहा पूरी दुनिया मान रही है। यह मोदी सरकार की दूरदर्शिता का परिणाम है।सुरेश गौरी ने कहा कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड के साथ विशेष लगाव रहा है इसी लिए आज उत्तराखण्ड में लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है करोड़ों की परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। जमरानी बांध के निर्माण का रास्ता साफ हो चुका है जल्द ही किच्छा में एम्स की स्थापना होने से पूरे कुमांऊ को इसका लाभ मिलेगा। साथ ही पंतनगर में इंटरनेशनल हवाई अड्डा बनने से पूरे कुमांऊ में अभूतपूर्व विकास होगा। इससे न सिर्फ इस क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी बल्कि युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। लोगों को आज मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। जनसंपर्क के दौरान जगदीश तनेजा, पूर्व पार्षद रमेश कालड़ा आदि सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# ताबड़तोड़ जनसभाएं,रोड शो कर जनता के बीच छाए अजय भट्ट

## प्रतिदिन 150 से 200 किलोमीटर का सफर कर जनता को रिझाने में जुटे भट्ट

रुद्रपुर। नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के तौर पर पुन: अपना भाग्य आजमा रहे अजय भट्ट 21 घंटे जनता के बीच रहकर अपने पक्ष में माहौल बनाने में कोई कसर नही छोड़ रहे। मात्र 3 घंटे की नींद लेने के बावजूद श्री भट्ट के चेहरे पर थकान का नामोनिशान तक नजर नही आता। अजय भट्ट एक मंझे हुये राजनीतिज्ञ की तरह एक विशेष रणनीति के साथ चुनाव मैदान में नजर आ रहे है। एक ओर जहां कांग्रेस प्रत्याशी पूरी लोक सभा क्षेत्र में जनता के बीच पहली बार पहुंच रहे है तो वहीं दूसरी ओर श्री भट्ट ने पूरी लोक सभा क्षेत्र में जनसभाएं कर जनता को भाजपा के पक्ष में साधने के साथ अब पुन: पूरी लोकसभा के क्षेत्रों में





ताबड़तोड़ जनसभाएं,रोड शो कर जनता को रिझाने में कोई कसर नही छोड़ रहे। भाजपा प्रत्याशी प्रतिदिन 150 से 200 किलोमीटर का सफर कर दिन में दर्जनों जनसभाओं को निपटा रहे हैं। पिछले कई महीनों से जनता के बीच रहकर केंद्र सरकार के 10 वर्षो और अपने 5 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां गिना रहे श्री भट्ट के चक्रव्यूह को भेदना विरोधियों के लिए आसान नहीं दिख रहा। जनसभाओं में उमड़ रही भीड़ के बीच-बीच मोदी -मोदी के नारों से गद्गद श्री भट्ट भी मोदी द्वारा कराये गये विकास कार्यो को गिनाते-गिनाते नही थकते। इस दौरान श्री भट्ट अपने लोकसभा क्षेत्र में कराये गये विकास कार्यो को भी सबको बताने में पीछे नही रह रहे। वही दूसरी ओर भाजपा कार्यकर्ता भी अपने प्रत्याशी को रिकार्ड मतों से जिताने के लिये पूरी मेहनत से जुटे हुये है। देश में अनुशासित पार्टी के रूप में अपनी छवि दिखाने वाली भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरे तन-मन से भाजपा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में खदिन रात एक किये हुये है। पूरे लोक सभा क्षेत्र में मौजूदा विधायक,पूर्व विधायक और भाजपा पदाधिकारियो की अलग-अलग टोलिया घर-घरपहुंच मतदाताओं से सीधा संपर्क कर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में जुटी हुई हैं।







## 3 घंटे की नींद,कॉल का जवाब और जनता से मिलना भी जरूरी

रुद्रपुर। नैनीताल लोक सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में पुन: अपनी किस्मत आजमा रहे अजय भट्ट आजकल चुनाव प्रचार के चलते काफी व्यस्त है। प्रतिदिन मात्र 3 घंटे सो रहे अजय भट्ट का अपने क्षेत्र की जनता से सीधा जुड़ाव रहा है। सामाजिक धार्मिक कार्यों में हमेशा बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले



श्री भट्ट जनता के साथ हमेशा जुड़े रहे। चुनाव प्रचार में अति व्यस्त होने के बावजूदन श्री भट्ट मोबाइल पर आने वाली सभी कॉल का जवाब देने में पीछे नहीं रहते। चुनाव प्रचार के चलते देर रात घर पहुंचने के बाद भी श्री भट्ट कभी भी 2 बजे से पहले नहीं सोए। दिन भर में जनसभाओं एवं जनसंपर्क के चलते जिन लोगों के फोन वह अटेंड नहीं कर पाते, घर पहुंचकर पहले उनको बैक कॉल कर उनका हाल-चाल जानते हैं। यही नहीं यदि किसी का बैक कॉल में फोन ना उठे तो सुबह फोन कर उसका हाल-चाल जानते हैं। मात्र 3 घंटे की नींद लेने के बाद श्री भट्ट प्रात: 5 बजे पुन: अपनी दिनचर्या में लग जाते हैं और अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद सुबह से ही घर में पहुंची जनता जनार्दन से मिलना नहीं छोड़ते। जनता का हाल-चाल जान श्री भट्ट पुन: अपनी लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिये निकल जा रहे है और जनता के बीच पहुंच भाजपा के पक्ष में वोट देने का निवेदन कर रहे है।

## विकास को लेकर अजय भट्ट का विजन बिल्कुल साफ

रुद्रपुर। सरल एवं मधुर स्वभाव के चलते अपनी अलग पहचान बनाने वाले सांसद अजय भट्ट का कहना है कि जनता उन्हें जो प्यार और सम्मान दे रही है इसके लिये वह जीवन पर्यन्त उनके ऋणी रहेंगे। नैनीताल ऊधमसिंहनगर लोक सभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर पुन: जनता की अदालत में जा रहे श्री भट्ट का विजन बिल्कुल साफ नजर है। उनका लक्ष्य नैनीताल उधम



सिंह नगर की समस्याओं का निस्तारण कर क्षेत्र का विकास करना उनकी प्रमुखता में शामिल है। श्री भट्ट ने कहा कि जब किसी क्षेत्र का आधारभूत विकास होता है तो वहां लोगों की समृद्धि के तमाम रास्ते अपने आप खुलने लगते हैं। उनका पहले भी प्रयास रहा और आगे भी प्रयास रहेगा कि क्षेत्र की सभी आधारभूत समस्याओं का निस्तारण कर स्थानीय लोगों की सहभागिता के साथ यहां पर्यटन, उद्योग धंधो को बढ़ावा दिया जाए। केंद्र सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए चलाई जा रही तमाम योजनाओं को धरातल पर उतार कर इसका लाभ सीधे जनता तक पहुंचाने के लिए वह पहले भी प्रयत्नशील रहे और आगे भी प्रयास करते रहेंगे। श्री भट्ट ने कहा कि आम जनता, व्यापारियों एवं किसान भाइयों की हर समस्या उनकी समस्या है,उनका निस्तारण करना उनकी प्रमुखता है।

## विधायक शिव की रणनीति से रुद्रपुर में भट्ट की राह हुई आसान

### कई नेताओं को भाजपा में लाकर कांग्रेस को दिया झटका

रुद्रपुर। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को इस चुनाव में विजयी बनाने के लिए विधायक शिव अरोरा जोर शोर से प्रचार अभियान में जुटने के साथ ही विपक्षी दल खासकर कांग्रेस में बड़ी सेंध लगाने में कामयाब हुए हैं। जिससे भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट की जीत की राह आसान होती जा रही है। बता दें विधायक शिव



अरोरा ने भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को रूद्रपुर विधानसभा से एक लाख से अधिक वोटों से जिताने का संकल्प लिया है। जिसके लिए विधायक शिव अरोरा रात दिन एक कर रहे हैं। शहर की बस्तियों के साथ ही पूरे विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में भी विधायक शिव अरोरा ने घर घर प्रचार करने के साथ ही धुंआधार नुक्कड़ सभायें भी की। प्रचार अभियान के साथ साथ विधायक शिव अरोरा कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों में सेंध लगाने में भी कामयाब रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस के कई जनाधान वाले नेताओं को भाजपा में शामिल कराकर संगठन को मजबूत बनाने का काम किया है। कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा, पूर्व पार्षद सुरेश गौरी, रमेश कालड़ा, के साथ ही पूर्व कांग्रेस नगर महामंत्री पवन गावा, ठुकराल समर्थक हरीश जल्होत्रा, गुरदीप गावा, सोनू खुराना, आशीष छाबड़ा, प्रमोद शर्मा, राजेश बजाज, दिलीप अधिकारी, जैसे कई बड़े चेहरों को शिव अरोरा ने पार्टी में शामिल कराकर अजय भट्ट जत की राह को आसान करने का काम किया है। विधायक शिव अरोरा की इस रणनीति का लाभ पार्टी को इस चुनाव में मिलने के साथ साथ आगामी निकाय चुनाव में भी मिलना तय माना जा रहा है।

# नैनीताल उधम सिंह नगर में हुए करोड़ों के विकास कार्य

रुद्रपुर। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने अपने पिछले 5 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां के प्रश्न पर कहा कि रुद्रपुर में 111 करोड़ की अनुमानित लागत से 21 किलोमीटर लंबा बाईपास स्वीकृत कराया। इसके साथ ही 757 करोड की लागत से गदरपुर बाईपास बनवाया। गदरपुर बाजार के लिए 7.35 करोड़ रुपए स्वीकृत कराए। गदरपुर ब्लाक के निर्माण के लिए 2.75 करोड़ मंजूर कराए, जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। काशीपुर रेलवे स्टेशन का 10.96 करोड़ की लागत से कायाकल्प हो रहा है। सितारगंज में सूर्यनगर से शांति फार्म तक 20 करोड़ की लागत से पुल स्वीकृत कराया। बताया कि गूलरभोज बौर जलाशय के विकास के लिए 64 लाख रुपए की मंजूरी दिलाई, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है। जसपुर में रेडियो स्टेशन के लिए भूमि चिह्नित हो चुकी है। प्रथम किश्त के रूप में 16 करोड़ रुपए जारी हो चुके हैं और डीपीआर तैयार हो रही है। ऊधमसिंह नगर में जल जीवन मिशन में 997 करोड़ की स्वीकृति दिलाई, जिसमें कार्य प्रगति पर है। काशीपुर ओवरब्रिज के लिए 54.04 करोड़ रुपए स्वीकृत कराए, जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। श्री भट्ट ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किच्छा में पांच सौ करोड़ की लागत से सौ एकड़ भूमि पर सेटेलाइट एम्स की स्वीकृति दिलाई। 94.58 करोड़ की लागत से खटीमा बाईपास का निर्माण कराया। 945 करोड़ की लागत से काशीपुर बाईपास का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा संजय वन के सौंदर्यीकरण के लिए 20 लाख रुपए से कार्य जारी है। जिला योजना से भी 60 लाख रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है, ताकि इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। श्री भट्ट ने बताया कि सीएसआर मद से पांच कूड़ा गाड़ी रुद्रपुर और पांच गाड़ी काशीपुर को उपलब्ध कराई गई। सिरसा रोड पर सूखा नदी पर पुल निर्माण के लिए 35 करोड़ रुपए की स्वीकृति दिलाई। ऊधमसिंह नगर में आंचल बकरी और मिल्क प्लांट के लिए 90 करोड़ रुपए स्वीकृत कराए। ऊधमसिंह नगर में थारू समाज के लिए डेढ़ करोड़ की लागत से



भवन निर्माण कराया। 1.63 करोड़ की लागत से शक्तिफार्म में बंग भवन का निर्माण कराया। पर्वतीय समाज के लिए 80 लाख रुपए की स्वीकृति दिलाई। एक करोड़ अस्सी लाख की लागत से एक हजार सोलर लाइट लगाई जा रही हैं। एचएलए कार्य प्रगति पर है। नैनीताल जिले में जल जीवन मिशन के तहत केंद्र सरकार ने 929 करोड़ रुपये की योजनाओं को स्वीकृति दी। नैनीताल जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों के लिए पेयजल निगम को नोडल एजेंसी के रूप में चुना गया है, जिसमें 6 डिवीजन कार्य कर रहे है। इनमें भीमताल डिवीजन को 133 करोड़ रुपये, नैनीताल को 288 करोड़ रुपये, हल्द्वानी को 136 करोड़ रुपये, लालकुआं को 162 करोड़ रुपये, रामनगर प्रथम को 84 करोड़ रुपये व रामनगर द्वितीय डिवीजन को 124 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई है। केंद्र सरकार की जिन पेयजल योजनाओं पर जिले में कार्य किया जा रहा है। लगातार समीक्षा की गई जिससे अधिकारियों में आपसी समन्वय बना रहा और काम तेजी से हो रहा है। उत्तराखंड राज्य के लिए जल जीवन मिशन महत्वपूर्ण योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में पानी की सुविधा उपलब्ध कराना है। बढ़ती जनसंख्या के साथ पानी जैसी समस्या भी बढ़ रही है, ऐसे बहुत से ग्रामीण क्षेत्र पानी किल्लत का सामना कर रहे हैं। लोगों को कई मील दूर पैदल चल कर पानी लाना पड़ता है। पानी की कमी से किसानों को खेती करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन सभी परेशानियों को देख कर केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन योजना की शुरुआत की है। इस मिशन के तहत जिन इलाकों में पानी नहीं है वहां हर घर में पाइप लाइन के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है। इस योजना के शुरू होने से पहले 15 अगस्त, 2019 तक 24910 घरों में पानी के कनेक्शन थे जो इस योजना के लागू होने के बाद 30 सितंबर 2022 तक 67132 घरों तक नल से जल पहुंच चुका है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत नैनीताल जिले के 1289 स्कूल 979 आंगनबाडी केंद्र में भी पेयजल की किल्लत दूर हो चुकी है। नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र में 1003.77 लाख रुपये की लागत से खैरना-रानीखेत मोटर मार्ग पर कोसी नदी पर 70 मीटर लम्बे पुल का निर्माण कराया गया। इस महत्वपूर्ण खैरना-रानीखेत पुल के बनने से उत्तराखंड के लोगों के साथ ही पर्यटकों को इसका लाभ मिल रहा है। यह पुल नैनीताल जिले से रानीखेत होते हुए चारधाम में एक महत्वपूर्ण धाम बद्रीनाथ को जोड़ता है। अंग्रेजों के जमाने में यानी 1837 में बना खैरना पुल काफी जर्जर हो चुका था, इसलिए सामरिक दृष्टि से इसकी पैरवी केंद्र सरकार में की जिससे पुल के लिए धनराशि स्वीकृत हुई। पुल बनने से आवागमन सुगम हो गया है और आए दिन लगने वाले जाम से लोगों को निजात मिल गई है। खैरना पुल के निर्माण से पर्यटन व्यवसाय को भी गति मिलने लगी है।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## चुनावी प्रचार की निगरानी

चुनावों में धनबल के बढ़ते चलन को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। इसे रोकने के लिए सरकार और भारत निर्वाचन आयोग सतत प्रयत्नशील देखे गए हैं। मगर हकीकत यही है कि इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगने के बजाय यह हर बार कुछ बढ़ी हुई ही दर्ज होती है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस बार आम चुनाव के पहले चरण का मतदान हुआ भी नहीं है और अब तक चार हजार छह सौ पचास करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती की जा चुकी है। यह पिछले आम चुनाव में हुई कुल तीन हजार चार सौ पचहत्तर करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती से बहुत अधिक है। निर्वाचन आयोग का कहना है कि मार्च से जब्ती का सिलसिला शुरू हुआ और अब तक हर रोज करीब सौ करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती की जा रही है। अभी तक की गई जब्ती में करीब पैंतालीस फीसद हिस्सा मादक पदार्थों का है। इसमें केवल तीन सौ पंचानबे करोड़ रुपए नगदी जब्त की गई है। चार सौ नवासी करोड़ रुपए मूल्य की शराब और दो हजार उनहत्तर करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त हुए हैं। छिपी बात नहीं है कि चुनावों में काले धन को सफेद करने की कोशिशें तेज हो जाती हैं। राजनीतिक दल बहुत सारे ज्ञात-अज्ञात स्रोतों से चंदा इकट्ठा करते हैं। इसी से पार पाने के लिए चुनावी बांड का नियम बना था। मगर वह भी पारदर्शी साबित नहीं हुआ। उसमें काले धन और संदिग्ध चंदे का प्रवाह देखा गया। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने उसे असंवैधानिक करार दे दिया। मगर चुनावी बांड से आए चंदे के हिसाब-किताब से यह तो पता चल गया कि कुछ राजनीतिक दलों के पास भारी मात्रा में धन जमा हो गया है। जाहिर है, जिन दलों के पास जितना अधिक धन है, वे उतना अधिक खर्च भी करेंगे। मगर चुनाव में मनमाने खर्च से समानता के अवसर का सिद्धांत बाधित होता है। इस पर अंकुश लगाना भारत निर्वाचन आयोग का दायित्व है। अच्छी बात है कि इस दिशा में वह प्रयास कर रहा है। मगर धनबल से जनबल को प्रभावित करने की प्रवृत्ति इस कदर बढ़ती गई है कि प्रत्याशी और पार्टियां न केवल निर्वाचन आयोग द्वारा तय सीमा से अधिक खर्च करने, बल्कि मतदाताओं को चोरी-छिपे नगदी और शराब, मादक पदार्थ, महंगे उपहार आदि देकर प्रभावित करने की कोशिश भी करती हैं। विचित्र है कि इसमें स्थानीय प्रशासन भी उनका सहयोग करता है। इस चुनाव में पार्टियों की मदद करते एक सौ छह सरकारी अधिकारी अब तक पकड़े जा चुके हैं। इस बार चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही निर्वाचन आयोग अवैध धन के प्रवाह पर रोक लगाने के लिए निगरानी दलों के गठन का एलान कर दिया था। अच्छी बात है कि वे निगरानी दल मुस्तैदी से काम कर रहे हैं। मगर केवल जब्ती से राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की इस प्रवृत्ति को कहां तक रोका जा सकेगा, कहना मुश्किल है। इस तरह मादक पदार्थ और शराब बांट कर वे लोगों को नशे के गर्त में धकेल रहे हैं। जब तक उन पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होगी, उनमें शायद ही हिचक पैदा हो। मगर निर्वाचन आयोग को एक नख-दंत विहीन शेर बना कर रखा गया है। इसलिए राजनेता और राजनीतिक दल मनमानी से बाज नहीं आते।

# अटल जी ने बनाया और पीएम मोदी ने विकास से संवारा उत्तराखंड : अमित शाह

## गृहमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के समर्थन में कोटद्वार में की जनसभा



कोटद्वार(उद संवाददाता। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गढ़वाल सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के समर्थन में कोटद्वार भाबर के दुर्गापुर में जनसभा में पहुंचे। उनके साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भी मौजूद रहे। यहां रामलीला मैदान में आयोजित जनसभा में शाह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड को कोरोनाकाल में आईसीयू दिए। तारामंडल और डॉप्लर राडार की स्थापना करवाई। दिल्ली यदि इगास पर्व को जानता है तो उनकी बदौलत ही जानता है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब भारत को विकसित राष्ट्र बना दुनिया की तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाना है। भारत तभी विकसित राष्ट्र बन सकता है, जब उत्तराखंड विकसित होगा। इसके लिए 19 अप्रैल को कमल के निशान का बटन दबाकर अनिल बलूनी को वोट देना है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि उत्तराखंडवासियों को कभी नहीं भूलना चाहिए कि उत्तराखंड राज्य के गठन के दौरान विरोध कौन करता था। भाजपा ने उत्तराखंड राज्य बनाया और अब मोदी जी इसको संवारने का काम कर रहे हैं। उन्होंने जनता से कहा कि अनिल बलूनी को जिताकर गढ़वाल को एक ऐसा प्रतिनिधि दीजिए जो गढ़वाल का विकास कर सके। गृहमंत्री अमित शाह ने अपने आधे घंटे के भाषण में जहां कांग्रेस पर कड़े प्रहार किए। वहीं वह प्रधानमंत्री मोदी को उत्तराखंड का सच्चा हितैषी बताते हुए यह बात भी दोहराते रहे कि उत्तराखंड और गढ़वाल का विकास भाजपा ही कर सकती है। कहा कि जहां कांग्रेस ने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में महज 51 हजार करोड़ रुपये उत्तराखंड के विकास के लिए दिए। वहीं, मोदी सरकार ने 10 साल में कांग्रेस के मुकाबले उत्तराखंड को तीन गुना धनराशि जारी की। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद तीरथ सिंह रावत, पूर्व सांसद बलराज पासी, कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सतपाल महाराज, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज, विधायक दिलीप रावत व रेनू बिष्ट, पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत, प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी, शैलेंद्र सिंह बिष्ट, सुमन कोटनाला, भाजपा जिलाध्यक्ष बीरेंद्र रावत, राजगौरव नौटियाल आदि मौजूद रहे। मंच का संचालन प्रदेश संगठन मंत्री आदित्य कोठारी ने किया। कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री किशोरी लाल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर और गुलाब का फूल देकर स्वागत किया।

# सीएम धामी ने देश में पहला यूसीसी बनाकर रचा है इतिहास : शाह

कोटद्वार। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह चुनावी प्रचार को धार देने के लिए कोटद्वार पहुंचे। कोटद्वार भाबर के दुर्गापुर में उन्होंने कहा कि मैं देवभूमि को प्रणाम करके अपने संबोधन की शुरूआत करता हूं। अमित शाह ने उत्तराखंड के नौजवानों को मेरे जिगर के टुकड़े कहकर संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के समर्थन में वोट की अपील की। उन्होंने जनसभा में भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कल रामनवमी है। रामलला 500 सालों के बाद अपना जन्मदिवस टेंट की जगह भव्य मंदिर में मनाएंगे। यह हमारा सौभाग्य है कि हमें ये पावन पल देखने का अवसर मिला है। कांग्रेस ने इतने साल राम मंदिर के मुद्दे को लटकाया। लेकिन मोदी सरकार ने जो ठाना वो किया है। मोदी सरकार ने कई कड़े फैसले लिए। धारा 370 हटाई, तीन तलाक को लेक भी बड़ा फैसला लिया। मोदी सरकार के कार्यकाल में शौचालय बने, लोगों के घर तक गैस सिलिंडर पहुंचा। उत्तराखंड को देश विदेश में नया आयाम दिलवाने में मोदी सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। मुझे उम्मीद है कि आप तीसरी बार भी कमल का बटन दबाकर मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में अपनी सहभागिता जरूर देंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि जोरदार तालियां पुष्कर सिंह धामी के लिए बजनी चाहिए। उन्होंने देश में पहला यूसीसी बनाकर इतिहास रचा है। यूसीसी के लिए अमित शाह ने सीएम धामी की जमकर तारीफ की। अमित शाह ने कहा कि उत्तराखंड को विकसि बनाना है तो पर्यटन को बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के जमाने में कोई सुविधा नहीं थी बीमार लोगों को डोली से ले जाना पड़ता था। लेकिन आज सुविधाएं हैं सड़कें हैं, पुल बने और रेल लाइन भी बनी हैं। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी रेल सुरंग उत्तराखंड में है।

# बेहड़ ने प्राचार्या डा.सतविन्दर कौर की पुस्तक का किया विमोचन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री लक्ष्मी नारायण मंरि में आज रामनवमी के मौके पर किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ ने श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सतविन्दर कौर द्वारा लिखित पुस्तक द भागवत गीता भगवान के गीत का विधिवत विमोचन किया। उन्होंने डा. सतविन्दर कौर को बधाई देते हुए कहा कि उनके द्वारा पूर्व में भी पुस्तकें लिखकर समाज को सही दिशा दिखाने का प्रयास किया है। श्री बेहड़ ने कहा कि द भागवत गीता भगवान के गीत पुस्तक में लिखे गीतों को पढ़कर सभी को लाभ मिलेगा। डा. कौर ने कहा कि जो भी व्यक्ति इस पुस्तक को पढ़ेगा उसे कई शिक्षाएं मिलेंगी और उसका जीवन सफल हो जायेगा। उन्होंने कहा कि विश्व में भागवत गीता ही एक ऐसा ग्रन्थ है जिसमें परमात्मा ने मैं करके अपने मुख से सब उपदेश दिये हैं। जब जब धर्म का नाश होता है अधर्म का बढ़ावा होता है मैं धरती पर अधर्म को नाश करने के लिए धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेता हूं।इस मौके पर श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, नन्दलाल भुड्डी, विजय जग्गा, प्राण ठक्कर, नरेश ग्रोवर, विजय मिड्ढ़ा, राकेश राजदेव, दीपक अरोरा, विनीता भल्ला, अमिता कुशवाह, कृष्णा ठक्कर, नीरू ठक्कर, दीपक गुगलानी, अरविंद नारंग, अंशुल नारंग, अशोक भल्ला, शशि अरोरा, चम्पा जग्गा, सीमा टुनेजा, पिंकी ग्रोवर, सोनिया अरोरा, किरन जग्गा, सोनिया सुखीजा, साक्षी सुखीजा, सुरमुख सिंह विर्क, मनजीत सिंह मक्कड़, इन्द्रजीत सिंह, अजमेर सिंह, हरविन्दर सिंह आदि थे।



# सफाई कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष राजोरिया भाजपा में शामिल



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस के गढ़ रहे गांधी कॉलोनी में कांग्रेस का झंडा उठाने वाले रुद्रपुर सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष मुकेश राजोरिया ने आज अपने दर्जनों साथियों के साथ विधायक शिव अरोड़ा के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। विधायक अरोड़ा ने कहा कि आज पूरे क्षेत्र में भाजपा की लहर चल रही है। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट रुद्रपुर विधानसभा से ऐतिहासिक जीत दर्ज करने की तरफ बढ़ रहे हैं भारत का हर समाज बीजेपी से सीधे जुड़ रहा है। भाजपा नेता जगदीश तनेजा ने कहा कि आज कांग्रेस के लोग ही कांग्रेस के सांसद प्रत्याशी को हराने का कार्य कर रहे हैं। सदस्यता ग्रहण करने वालो में मुकेश रजोरिया, मोनू, अंकित आजाद, अर्जुन पाल, करन पाल, गोलू, रोहन, गजेंद्र गुप्ता, श्याम राजौरीया, जोनी चिडालिया, सोनू राठौर, करन आजाद, विशाल वैद्य, सनी राजोरिया, रोहित, बासु बेनवाल, सौरभ आजाद आदि थे।इस दौरान सुनील यादव, भाजपा नेता सुशील गाबा, सुरेश कोली, निवर्तमान पार्षद रमेश कालड़ा, सुरेश गौरी, आशीष छाबड़ा, प्रीत ग्रोवर, मयंक कक्कड़, राजीव राठौर, पवन यादव, विपिन यादव, विशाल यादव, मन्न, सोनू यादव, आकाश यादव, विष्णु यादव, पवन अग्रवाल, मोहित यादव, शिवम यादव, विशाल यादव, नीरज कटारिया, सत्येंद्र, बिट्टू, संदीप आजाद, सूरज हीरा उपस्थित थे।

# देश में बदलाव चाहती है जनता: राजेन्द्र

गदरपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र पाल सिंह राजू ने ग्राम सूरजपुर में नुक्कड़ सभा की तथा प्रकाश जोशी को ज्यादा से ज्यादा मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने कहा भाजपा की नीतियों से त्रस्त जनता वर्तमान समय में बदलाव चाहती है और कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को सांसद बनाकर लोकसभा में भेजकर देश के विकास में योगदान चाहती है। उन्होंने सभी से कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर गदरपुर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ,प्रधान संघ अध्यक्ष गुरविंदर सिंह,व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष संजीव अरोड़ा, राजेश बाबा ,आनंद अग्रवाल,अशोक ठुकराल, सपा के जिला उपाध्यक्ष शिव अवतार शर्मा के अलावा अमरीक सिंह बहल,लखविंदर सिंह बहल, पुनीत बहल,मेजर सिंह, आत्मजीत सिंह,बूटा सिंह,कमल जीत सिंह, सिमरनजीत,लाल सिंह,सरदार सिंह,अमरनाथ,हरीश जुनेजा,ओमपाल,रामकिशन,नन्हे,चन्दरपाल,बलिहार सिंह,सतनाम वर्मा,जसपाल सिंह, सुरेश सचदेवा,अमरजीत सिंह, रेशम सिंह मौजूद रहे।



# मुस्लिम बस्तियों में किया जनसंपर्क

खटीमा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रोडवेज बस अड्डा गली पोस्ट ऑफिस वाली गली बाल्मीकि बस्ती सब्जी मंडी आश्रम पद्धति के पीछे मुस्लिम बस्ती में घर घर जाकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अजय भट्ट के लिए जनसमर्थन मांगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के साथ कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक मतदाता से संपर्क कर आगामी चुनाव में मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए देश को मजबूत करने के लिए सभी से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी वोट मांगने गए जनता ने अपना भरपूर समर्थन देने का वादा किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष जीवन धामी नगर महामंत्री मनोज वाधवा, राशिद मिर्जा, कामिल खान, हाफिजुर रहमान, राहुल सक्सेना, जीशान अहमद, सरफराज हुसैन, भवानी भंडारी, तारीख मलिक, रोहित वर्मा, संदीप भारती, रवि सक्सेना, जावेद राजा, जाहिद कुरेशी, राजु कुरैशी उपस्थित थे।



# भाजपा के साथ खड़ा है जनजाति समाज: सुखीजा

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने देर रात तक विधानसभा गदरपुर के बुक्सा जनजाति बाहुल्य क्षेत्र ग्राम भटभोज ग्राम मदनापुर एवं ग्राम कोपा छिदा में भाजपा के नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा से प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में चुनाव प्रचार कर अधिक से अधिक मतदान करने का निवेदन करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सदैव जनजाति समाज के हित में कार्य किए हैं और पूर्ण विश्वास है कि जनजाति समाज भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़ा है। उत्तराखंड की समस्त 5 सीटों को जीतकर और 400 पार के नारे को सही कर पुनः भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,महेंद्र कालरा, परमजीत सिंह , अजय शर्मा, मनोज शर्मा, मनोज गुंबर , बीडीसी मेंबर गुरमेल, कालू, उदयभान ,चेतराम सिंह, नंदराम सिंह, शिव सिंह ,कुणाल रस्तोगी ,सुनील शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# बच्चों का हुआ सुवर्णप्राशन संस्कार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद, विवेकानन्द शाखा रुद्रपुर द्वारा श्री तिलकराज कपूर बाल विकास सरस्वती शिशु मन्दिर, गान्धी कॉलोनी, रुद्रपुर में एक शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में विद्यालय के बच्चों को सुवर्णप्राशन संस्कार के अंतर्गत खुराक दी गई। बता दें की सुवर्ण प्राशन संस्कार नवजात शिशु से लेकर 16 वर्ष तक के बालक बालिकाओं को स्वर्ण भस्म, घृत, शहद आदि मिश्रित दो बूंद खुराक के रूप में दिया जाता है। प्रतिमाह पुष्य नक्षत्र के अवसर पर जो कि लगभग 27 दिन बाद आता है यह खुराक दी जाती है। भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा रुद्रपुर ने सुवर्ण प्राशन संस्कार को मासिक प्रकल्प के रूप में विगत दिसंबर माह से प्रारंभ किया है गरीब बस्तियों में जिन विद्यालयों में बच्चे कमजोर व गरीब तबके से हैं उन विद्यालयों में शाखा की ओर से यह खुराक प्रतिमाह नि:शुल्क दी जाती है। उत्तराखण्ड (पूर्व) प्रान्त की 20 शाखाओं में केवल विवेकानन्द शाखा ही ये शिविर आयोजित करती है। अब तक गाँधी कॉलोनी, रम्पुरा, जगतपुरा स्थित सेवा भारती द्वारा संचालित 4 विद्यालयों व श्री दूधिया बाबा कन्या छात्रावास में ये खुराक बच्चों को दी जा चुकी है। सुवर्ण प्राशन संस्कार में दी जाने वाली खुराक से बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है, उनका मानसिक विकास होता है व उन्हें बीमारियों से लड़ने में सहायता करती है। आज 67 बच्चों को ड्रॉप्स दी गई। यह खुराक कक्कड़ हेल्थ केयर के डॉक्टर पवन कक्कड़ के सहयोग से दी गई। इस



अवसर पर प्रधानाचार्य किशन सिंह नयाल, भारत विकास परिषद, उत्तराखण्ड (पूर्व) के प्रान्तीय उपाध्यक्ष व विद्यालय के व्यवस्थापक संजय राधू, शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर, रीमा खेड़ा आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय टारगेट बॉल रेफरी प्रशिक्षण शिविर संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड टारगेटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में चार दिवसीय राष्ट्रीय टारगेटबॉल रेफरी प्रशिक्षण शिविर का समापन होली कृष्णा कॉलेज दिनेशपुर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. डी.के. सिंह ने सभी प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त किया, उन्होंने संभव सहयोग का पूर्ण आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम के स्पॉन्सर ओम एसोसिएट्स परिवार से श्रीमती कुसुमलता सिंह, ल्यूमन इंडस्ट्रीज सिडकुल पंतनगर की प्रबंध कार्यकारिणी से रविंद्र कुमार मल्ल, उत्तराखण्ड ओलम्पिक कार्यकारिणी के सदस्य कौशल किशोर श्रीमती प्रियंका सिंह, संरक्षक अरविंद प्रकाश दूबे, होली कृष्णा कॉलेज के प्रबंधक संदीप यादव, समाजोत्थान स्कूल के प्रबंधक वीरेश कुमार सिंह, मध्यप्रदेश टारगेटबॉल एसोसिएशन के सचिव अभिषेक सिंह, राजस्थान टारगेटबॉल संघ के सचिव बबली सिंह मीना, गुजरात टारगेटबॉल संघ के सचिव योगेश कुमार,



टारगेटबॉल खेल का डेमोस्ट्रेशन देखने के साथ ही टारगेटबॉल खेल के टेक्निकल ऑफिशियल्स से इस खेल की बारीकियों की जानकारी भी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने उत्तराखंड टारगेटबॉल संघ को उत्तराखंड ओलंपिक संघ की ओर से हर सिंह, उत्तराखण्ड हैंडबाल संघ के कोषाध्यक्ष हीरालाल सागर, भारतीय टारगेटबॉल संघ के टेक्निकल डायरेक्टर डॉ. जमाल शरीफ, टारगेटबॉल राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रवि कुमार, उत्तराखंड टारगेटबॉल संघ की सचिव उत्तरप्रदेश टारगेटबॉल संघ के सचिव उपेन्द्र कुशवाहा, आयोजन समिति से अनुज कुमार, पंकज प्रजापति, दीपक पांडे, उपेंद्र मंडल, नवल, जोगेश समेत विभिन्न प्रदेशों से आए खेल प्रतिनिधि मौजूद रहे। संचालन रुपेश कुमार सिंह ने किया ।

# भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ जिला सह-सयोजक उदय वार्ष्णेय ने जनसंपर्क करने के दौरान मतदाताओं से लोकसभा चुनाव मे भाजपा के पक्ष मे मतदान की अपील की।भारतीय जनता पार्टी महासंपर्क अभियान के तहत गोलगेट, नगला मे जिला सह- सयोजक एनजीओ प्रकोष्ठ उदय वार्ष्णेय के



नेतृत्व कार्यकर्ताओं ने मे घर - घर प्रचार अभियान चलाया। अभियान के तहत वरिष्ठ नागरिको के साथ संवाद किया। सभी का आशीर्वाद लिया और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष मे मतदान करने की अपील की। इस दौरान उनके साथ मंडल सयोजक, पंतनगर सत्येंद्र रावत, महिला मोर्चा अध्यक्ष, पंतनगर पिंकी डिमरी, मंडल सयोजक रुद्रपुर राजेश धीमान आदि मौजूद रहे।

# देश का भला नहीं कर सकती कांग्रेस: रिजवान

गदरपुर(उद संवाददाता)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष हाजी रिजवान हुसैन ने कहा कि कांग्रेस जो नैनीताल लोकसभा सीट पर अपनी जीत के सपने देख रही है, वह पूरे नहीं होने वाले। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेसी



मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं। क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने के दौरान रिजवान हुसैन ने कहा कि चुनाव का पर्व हर पांच साल में आता है। इसको लेकर हर व्यक्ति पांच सालों में हुए विकास कार्यों को देखता है और आने वाला भविष्य निर्धारित करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आएगी तो युवाओं को रोजगार और महिलाओं को सशक्तीकरण मिलेगा, जो कि भी पीएम मोदी की सरकार की हमेशा से प्राथमिकताएं रही हैं। कहा कि कांग्रेस ने 70 साल देश पर राज किया लेकिन वर्तमान में उनके पास कोई मुद्दा ही नहीं बचा है।कांग्रेस का काम अब दोषारोपण ही रह गया है। कहा कि कांग्रेस के पास मुद्दे नहीं है तो अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर बेवजह हल्ला मचाती रहती है और बार-बार मामले को उछालती है, जबकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परिवार की सभी मांगे मानी और उनको पूरा भी किया। कहा कि विपक्ष अब इस मामले को उछालना बंद करे। नैनीताल लोकसभा सीट से अजय भट्ट 5 लाख वोटो से विजयी होंगे।

# डीएम ने सभी मतदाताओं से की 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे 19 अप्रैल मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। उन्होंने युवा मतदाताओं, बुजुर्ग, दिव्यांग, महिलाओं के साथ ही सभी मतदाताओं से निर्वाचन महापर्व में मतदान कर प्रतिभाग करने की अपील की । उन्होंने कहा भारत विश्व का सबसे बड़ा व मजबूत लोकतंत्र है, स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है ,मतदान हमारी ताकत है इसलिए अपने मत की ताकत को समझते हुए निर्भय होकर अवश्य मतदान करें साथ ही अपने आसपास के मतदाताओं को भी मतदान हेतु प्रेरित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा मताधिकार हमारा अधिकार है इसलिए अपने



कर्तव्य को समझते हुए बिना किसी प्रकार के प्रलोभन के निर्भिक होकर मत का अवश्य प्रयोग करें ,ताकि समाज को एक अच्छा जनप्रतिनिधि मिले व क्षेत्र ,देश का विकास हो सके, इसलिए 19 अप्रैल को बूथ में जाकर मतदान अवश्य करें।

# कार्यशाला में दी पेरेंट्स बिहेवियर मॉडिफिकेशन की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जन कल्याण एवं बाल विकास संस्थान द्वारा संचालित स्टार्ट इंस्टीट्यूट रूद्रपुर में पेरेंट्स ओरियंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया । संस्थान की फाउंडर डायरेक्टर डॉक्टर माधवी अवस्थी द्वारा मलेशिया और यूके से आए अतिथियों का स्वागत किया। उन्हें संस्थान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।



ओरिएंटेशन प्रोग्राम में डॉक्टर सतपाल कौर (क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट) साइकोलॉजिस्ट सर्विस हिल्स एंड ग्रो हॉस्पिटल मलेशिया ने अभिभावकों के व्यवहार में बदलाव लाने के टिप्स बताये। यूके से आई अतिथि निधि खन्ना मोटिवेशनल स्पीकर/ चार्टर्ड अकाउंटेंट ने ऑथेंटिसिटी में एक मोटिवेशनल ओरिएंटेशन दिया। संस्थान की फाउंडर डायरेक्टर डॉ माधवी अवस्थी द्वारा हैबिट मोडिफिकेशन में अभिभावकों के साथ एक वर्कशाला की गई ।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान

किच्छा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा प्रभारी दिनेश आर्य के नेतृत्व में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के लिए वार्ड नंबर 9 और 10 में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। दिनेश आर्य ने लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि आम जनता जानती है कि प्रधानमंत्री सक्सेना, स्वास्थ्य मंत्री प्रतिनिधि पूर्व पालिका अध्यक्षा श्रीमती अंजू जायसवाल, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा आरती दुबे, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश



नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। प्रचार के दौरान मुख्य रूप से खाद्य मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य लवी सहगल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लता सिंह, जिला मंत्री दया रसीला, अभिषेक भाटिया, पूर्व सांसद प्रतिनिधि धर्मराज जायसवाल, प्रहलाद खुराना, गफ्फार खान, मीना शर्मा, कविता, सविता शर्मा, प्रेमलता चौहान, पूनम अग्रवाल, मीरा तिवारी, शैली शुक्ला, विमल गंगवार, मधु गुप्ता, माधुरी आदि शामिल थे।

## पेज एक का शेष...

**रामलगा का हुआ सूर्य ....**उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामनवमी के मौके पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पहली रामनवमी है, जब अयोध्या के भव्य और दिव्य राम मंदिर में हमारे रामलला विराजमान हो चुके हैं। रामनवमी के इस उत्सव में आज अयोध्या एक अप्रतिम आनंद में है। पांच शताब्दियों की प्रतीक्षा के बाद आजहमें ये रामनवमी अयोध्या में इस तरह मनाने का सौभाग्य मिला है। यह देशवासियों की इतने वर्षों की कठिन तपस्या, त्याग और बलिदान का सुफल है।

**रूड़की के वैज्ञानिकों ने ...**के पथ बदलने के सिद्धांतों का उपयोग किया गया। सीबीआरआई के वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप चौहान ने बताया कि, शत प्रतिशत सूर्य तिलक रामलला की मूर्ति के माथे पर अभिषेक हुआ। गियर-बेस्ड सूर्य तिलक मैकेनिज्म में बिजली, बैटरी या लोहे का उपयोग नहीं किया गया है। राम मंदिर में लगा मैकेनिज्म पहली बार इस तरह का प्रयोग है।

**कांग्रेस प्रत्याशी के ..**रामकृष्ण सैनी, शंकर मंडल, संजू दूबे, विवेक कुमार, रंजय सिंह, अंकित सैनी, दुर्गेश, रामसिंह, मनदीप सिंह, ऋषि कुमार, प्रदीप सिंह, संजय आर्य, हरिराम कोली, सतपाल कोली, पप्पू कोली, राजा कोली, हरीश कोली, दुर्गेश कोली, रवि, प्रेम कोली, रामसिंह कोली, नन्हे कोली, जगदीश कोली, बाबूराम कोली, मोहित कोली, विक्की कोली आदि मौजूद थे।

**चोरी के जेवर व नगदी...** में भीड़ भाड़ का फायदा उठाकर चोरी करने के बाद ई-रिक्शा से अपने वाहन में जाकर कपड़े बदलकर फिर चोरी करने की फिराक में रहते थे। उक्त अभियुक्त गणों के विरुद्ध मुरादाबाद में चोरी के कई अभियोग दर्ज है। जिनके बारे में जानकारी की जा रही है। गिरफ्तार दंपत्ति में वसीम पुत्र बजीर अहमद निवासी मुफटीटोला इमली वाली मस्जिद मुरादाबाद, हाल निवासी काला महल जामा मस्जिद दिल्ली व उसकी पत्नी आसिया शामिल हैं। उनके पास से एक जोड़ी कान के सोने के टॉप्स, एक सोने की पायल, पांच हजार रूपया नगद बरामद हुए। पुलिस टीम में उनि दिनेश जोशी चौकी प्रभारी मंगल पड़ाव, उनि श्याम सिंह बोरा, हेका इसरार एसओजी, का. सन्तोष सिंह, चन्दन सिंह, भूपाल सिंह व महिला का. राधा रानी शामिल थे।

# उत्तराखंड दौरे पर आएंगी राष्ट्रपति

देहरादून। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 23 व 24 अप्रैल को उत्तराखंड के दौरे पर रहेगी। मंगलवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर राष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों की समीक्षा की। सचिवालय में हुई बैठक में मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रपति के आगमन से पहले संबंधित विभागों सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करें। सुरक्षा के साथ सड़कों की व्यवस्था, ट्रैफिक प्लान, परिवहन व स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को समयबद्धता से पुख्ता करने के निर्देश दिए। साथ ही राष्ट्रपति के विभिन्न स्थानों पर सभी कार्यक्रमों में त्रुटि रहित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में गृह विभाग की ओर से राष्ट्रपति के भ्रमण कार्यक्रम से संबंधित जानकारी दी गई। इस मौके पर सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, दिलीप जावलकर, सचिन कुर्वे मौजूद थे। देहरादून, टिहरी व पौड़ी के जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वर्चुअल रूप से बैठक में शामिल हुए।

# राज्यपाल ने दी राम नवमी की बधाई

देहरादून (उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को 'रामनवमी' पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा की "मर्यादा पुरुषोत्तम" भगवान श्रीराम का जीवन हमें उनके महान आदर्शों तथा उच्च नैतिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। रामनवमी का शुभ अवसर हमें परोपकार, त्याग, प्यार, करूणा जैसे उच्चतम नैतिक व सामाजिक मूल्यों और आदर्श समाज की स्थापना के लिए प्रेरित करता है। राज्यपाल ने कहा की यह हम सबके लिए परम सौभाग्य का समय है कि सदियों के लम्बे इंतजार के बाद अयोध्या में भव्य और दिव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम सिर्फ भारतवासियों के लिए ही नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए अद्वितीय आदर्श हैं। राज्यपाल ने रामनवमी के पावन अवसर पर प्रत्येक नागरिक के जीवन में सुख, शांति एवं खुशहाली की कामना की है।

# हनुमान जयंती पर श्री बालाजी धाम में होंगे कई कार्यक्रम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री बालाजी धाम की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जानकारी देते हुए श्री बालाजी धाम के सदस्यों ने बताया कि श्री बालाजी धाम एमनिटी पब्लिक स्कूल के पास श्री हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें 17 अप्रैल को श्री राम संकीर्तन, 20 अप्रैल को सुंदरकांड पाठ, 21 अप्रैल को रक्तदान शिविर व मोतियाबिंद जांच कैंप आयोजित किया जाएगा। 22 अप्रैल को 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा और 23 अप्रैल को हवन दरबार और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा ।श्री बालाजी धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय भूषण गर्ग व सेवादार भारत भूषण चुघ ने कहा कि श्री हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर अधिक से अधिक श्रद्धालु इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करें और पुण्य का लाभ उठाएं।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)





# ऊंचे ऊंचे मंदिरां वाली, मेरी मैया तेरी जय जयकार

## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में विशाल जागरण आयोजित, भजन गायकों ने किया माता का गुणगान





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन नवरात्रि पर्व के आठवें दिवस पर गत रात्रि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा द्वारा आयोजित माता के विशाल जागरण में भजन गायक कलाकारों ने मां की महिमा का गुण गान करते हुए कई भजन सुनाये गये। मां के भजनों से श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर गुजायमान हो गया। सारी रात सभी भक्तजन मां के जयघोषों के साथ मां की महिमा का गुणगान करते रहे। सर्वप्रथम मंदिर के पुजारी व महंत राजीव कक्कड़ द्वारा जजमान साईदास छावड़ा व हरीश छावड़ा परिवार से विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई। जिसके बाद गायक कलाकार अमित अरोरा व रमेश राठौर द्वारा गुरू वंदना, मां का आहवान, गणेश वंदना के साथ फूलों की वर्षा कराई गई। तत्पश्चात भजन गायक कलाकार हल्द्वानी से आये विवेक शर्मा, काशीपुर से आई निशा अरोरा व रूद्रपुर के रमेश राठौर ने मां के कई भजन सुनाकर भक्तजनों को भक्ति में झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने मां शारदे मां शारदे, शेरां वाली मां मेरी ज्योतां वाली मांचरणों में तेरे अरदास लाया हूं, आओ मात जी तेरा मंदिर सजाया है, मैं तेरे बिन रह सकता मां मैनू तेरी आदत पे गई है, तूं कितनी अच्छी है तू कितनी प्यारी है, सारी दुनियां में गूंजे मां तेरी जय जयकार, ऊंचे ऊंचे मंदिरां वाली मेरी मैया तेरी जय जयकार, तेरा सुंदर है दरबार, लाल लाल चुनरी सितारां वाली जिसे ओढ़कर आई मां शेरां वाली, मां शेरां वाली मैं हूं दासी तेरी दातिए, सुन लो विनती मेरी मां पुकार, आदि भजन सुनाकर सबको मां की भक्ति में झूमने पर मजबूर कर दिया। मध्य रात्रि रमेश राठौर द्वारा मां तारा रानी की कथा सुनाई गई। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें प्रसाद पंच मेवा की सेवा महेश बब्बर व गौरव बब्बर परिवार द्वारा की गई। इस मौके पर श्री सनातन धर्म सभा अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री, ओमप्रकाश अरोरा, राकेश सुखीजा, अमित अरोरा, विजय विरमानी, राजेश छावड़ा, गौरव तनेजा, चिराग कालड़ा, अमित चावला, शिवम जग्गा, रोहित जग्गा, राजन राठौर, आनन्द कुमार, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, हरीश अरोरा, विजय जग्गा, शशि अरोरा, सीमा टुनेजा, पिंकी ग्रोवर, दीपक अरोरा, सोनिया अरोरा, किरन जग्गा, सोनिया सुखीजा, साक्षी सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, राजेन्द्र खनीजो, बब्बा आनन्द, सनी सुखीजा, हैप्पी छावड़ा, मनोज छावड़ा, मुकेश अग्रवाल, सचिन मुंजाल, नरेश मिड्ढ़ा, बालकिशन मिड्ढ़ा, जुगनू, दीपक चौधरी, अमन ठुकराल, सोनू वर्मा, सुरेश जग्गा, भावना, रवि छावड़ा, राजेश छावड़ा, गौरव तनेजा, चिराग कालड़ा, अमित चावला, शिवम जग्गा, रोहित जग्गा, राजन राठौर, आनन्द कुमार, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, हरीश अरोरा, नरेश छावडा़, मोहित बत्रा, विजय जग्गा, सुनील ठुकराल, नरेश ग्रोवर, हरीश गुंबर, नरेन्द्र अरोरा, कमल, शशि अरोरा, सीमा टुनेजा, पिंकी ग्रोवर, दीपक अरोरा, सोनिया अरोरा, किरन जग्गा, सोनिया सुखीजा, साक्षी सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, राजेन्द्र खनीजो, बब्बा आनन्द, सनी सुखीजा, हैप्पी छावड़ा, मुकेश अग्रवाल, सुरेन्द्र मिड्ढा, सुनील चुघ, रेनू अरोरा, पंकज बांगा, राजकुमार सीकरी, ओम प्रकाश, आकाश कटारिया, दीपक गुगलानी, आशा ग्रोवर, पूजा बांगा, रानो छावड़ा, सचिन मुंजाल, दीपक चौधरी, अमन ठुकराल, सोनू वर्मा, सुरेश जग्गा आदि श्रद्धालु मौजूद थे।






